लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मध्य प्रदेश के सीधी में बस दुर्घटना के पीड़ितों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली; 16 फरवरी 2021: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मध्य प्रदेश के सीधी जिले में बस दुर्घटना में हुई दुखद मृत्यु पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

श्री बिरला ने अपने शोक संदेश में कहा, "मैं मध्य प्रदेश के सीधी जिले में बस दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु पर शोक प्रकट करता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दे और शोक संतप्त परिवार को इस आघात को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। मैं घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। ओम शांति।"